**गैस टर्बाइन विद्युत संयंत्र की स्थापना**

1855. **श्री राम अवधेश सिंह** : क्या विद्युत और गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्रोत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले 10 वर्षों के दौरान किन-किन स्थानों पर गैस टरबाइन विद्युत संयंत्र लगाए गये हैं, उन पर कितनी लागत आई है तथा उन पर कितना विदेशी निवेश किया गया है;

(ख) राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम और राष्ट्रीय पन बिजली निगम द्वारा समस्त देश में स्थापित किए गए विद्युत संयंत्रों की कुल बिजली उत्पादन क्षमता कितनी है, उनमें वास्तविक उत्पादन कितना होता है, क्षेत्रवार प्रति एकक उत्पादन लागत क्या है और राज्यवार बिजली की खपत कितनी है;

(ग) क्या सरकार खनिज उत्पादन में समृद्ध पूर्वी भारत के औद्योगिक विकास की गति को तीव्र बनाने के लिए और क्षेत्रीय असन्तुलन को समाप्त करने के लिए बिहार में 12,000 मेगा., उड़ीसा में 9,000 मेगावाट पश्चिम बंगाल में 14,000 मेगावाट और मध्य प्रदेश में 10,000 मेगावाट बिजली का उत्पादन करने के लिए योजनायें तैयार कर रही है; और

(घ) ब्रह्मपुत्र बोर्ड द्वारा असम में कितनी बिजली का कितना उत्पादन किया जाना प्रस्तावित है और अगले पांच वर्षों में असम में कितनी पन-बिजली उत्पन्न की जाएगी ?

**विद्युत और गैर पारम्परिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कल्पनाथ राय)** : (क) से (घ) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

**इलाहाबाद में गांवों का विद्युतीकरण**

1856. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या विद्युत और गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्रोत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद जिले के कितने गांवों का विद्युतीकरण किया गया है;

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान उक्त गांवों के विद्युतीकरण के लिए कितनी धनराशि आवंटित की गई है तथा उसमें अब तक कितनी राशि इस कार्य पर खर्च की गई है;

(ग) इलाहाबाद में ऐसे गांवों की कुल संख्या कितनी है जिनका विद्युतीकरण अभी किया जाना है; और

(घ) इन गांवों का विद्युतीकरण कब तक कर दिया जायेगा?

**विद्युत और गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कल्पनाथ राय)** : (क) उत्तर प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड (उ. प्र. रा. बि. बोर्ड) द्वारा सूचित किए अनुसार, पिछले तीन वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद जिले में 242 गांवों का विद्युतीकरण किया गया।

(ख) उ.प्र.रा.बि. बोर्ड के अनुसार, पिछले तीन वर्षों के दौरान इलाहाबाद जिले में ग्राम विद्युतीकरण कार्यों पर 5.4 करोड़ रु. की राशि व्यय की की गई है।

(ग) उपलब्ध सूचना के अनुसार, इलाहाबाद जिले में अभी 474 गांवों का विद्युतीकरण किया जाना है।

(घ) जिलेवार ग्राम विद्युतीकरण कार्यक्रमों के संबंध में अंतिम निर्णय उपलब्ध संसाधनों तथा संबंधित राज्य सरकार द्वारा नियत अन्तः प्राथमिकता के आधार पर संबंधित राज्य बिजली बोर्ड द्वारा किया जाता है।